This question paper contains 4 printed pages.

8797 आपका अनुक्रमांक ____________

B.A. Prog. / III **AS**

(APPLICATION COURSE)

रचनात्मक लेखन– हिन्दी

(प्रवेशवर्ष 2004 और तत्पश्चात्)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 50

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। एक प्रश्न के सभी अनुभागों का उत्तर एक स्थान पर दें।*

1. निम्नलिखित अवधारणाओं में से किन्हीं **पाँच** पर लगभग 100 शब्दों में विचार प्रकट कीजिए :

(*i*) रचनात्मक लेखन से तात्पर्य

(*ii*) रचनाकार का स्वानुभूत

(*iii*) रचनात्मक लेखन में कल्पना की भूमिका

(*iv*) भाषा और रचनात्मकता

(*v*) रचनाकार की सामाजिकता

(*vi*) आत्मविस्तार की इच्छा और रचनात्मकता

(*vii*) साहित्य समाज का दर्पण

(*viii*) लोकप्रिय संस्कृति और रचनात्मकता

(*ix*) आप ज्यादा चाहते हैं या थोड़े में ज्यादा

(*x*) लोकव्यवहार की भाषा। 5×2=10

2\. (क) किन्हीं छः उद्धरणों में यथानिर्दिष्ट विशेषताओं को चिह्नित कीजिए :

(*i*) कू कू करती कोयल काली। (अनुप्रास)

(*ii*) सुख-दुख जीवन के दो पक्ष हैं। (विलोम शब्द)

(*iii*) राधा दिन-रात मेहनत करती है। (शब्द-युग्म)

(*iv*) मीता को मनाना बिल्ली के गले में घंटी बाँधना है। (मुहावरा)

(*v*) राजू धीरे-धीरे चलता है। (पुनरुक्ति)

(*vi*) महँगाई बढ़ रही निरन्तर द्रुपद-सुता के चीर-सी। (उपमा)

(*vii*) जो जन करते नमन हैं उन्नत होते वे सदा। (विरोधाभास)

(*viii*) वह दीप अकेला स्नेह भरा। (प्रतीक)

(*ix*) को घटि ये वृषभानुजा वे हलधर के बीर। (श्लेष)

(*x*) बिनु पद चलै सुने बिनु काना। (विभावना) 6×1/2=3

(ख) किन्हीं तीन भाषा प्रयोगों की विशेषताएँ लिखिए :

विदेशी शब्द, चित्रात्मकता, अर्थालंकार, आँचलिक शैली, मानक भाषा, यौगिक शब्द। 3×1=3

(ग) किन्हीं दो अवधारणाओं पर लगभग 75 शब्दों में टिप्पणी कीजिए :

लय, छंद का महत्व, यमक और श्लेष का अंतर, लक्षणा, शब्दशक्ति। 2×2=4

3\. (क) किसी एक साहित्यांश के रचना-वैशिष्ट्य का विश्लेषण कीजिए :

वह तोड़ती पत्थर
देखा उसे मैंने इलाहाबाद के पथ पर
वह तोड़ती पत्थर

नहीं छायादार
पेड़ वह जिसके तले स्वीकार
श्याम तन, भर बँधा यौवन
नत नयन, प्रिय-कर्म-रत मन
गुरु हथौड़ा हाथ
करती बार-बार प्रहार
सामने तरूमालिका, अट्टालिका प्राकार।

अथवा

शेर को क्या खबर कि नीचे क्या हो रहा है। वह तो अपने शिकार की ताक में घात लगाए बैठा था। एकाएक पैरों की आहट पाते ही वह चौंक उठा और उन चारों आदमियों को एक टीले की आड़ में देखा। फिर क्या कहना था! मुँहमाँगी मुराद मिली। भूख में सब्र कहाँ? वह इतने ज़ोर से गरजा कि सारा जंगल हिल गया और उन आदमियों की तरफ़ ज़ोर से जस्त मारी। मगर वे लोग पहले से ही तैयार थे। चारों ने एक साथ गोली चलायी। दन-दन-दन-दन आवाज़ हुई। चिड़ियाँ पेड़ों से उड़-उड़कर भागने लगीं। लड़के ने नीचे देखा— शेर ज़मीन पर पड़ा था। वह एक बार फिर उछला और फिर गिर पड़ा। फिर वह हिला तक नहीं। 9

(*ख*) किन्हीं तीन विषयों पर लगभग 75-75 शब्दों में अपने विचार प्रकट कीजिए :

(*i*) कविता में रूप और अंतर्वस्तु

(*ii*) कविता में छंद का महत्त्व

(*iii*) उपन्यास में चरित्र-चित्रण

(*iv*) नाटक में संवाद-योजना

(*v*) मुक्त छंद और छंद मुक्त कविता

(*vi*) बालकविता में गीतात्मकता। 3×2=6

4. (*क*) रेडियो विज्ञापन और टी०वी० विज्ञापन में अंतर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

फ़ीचर से आप क्या समझते हैं? इसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 4

(*ख*) किसी **एक** विषय पर 150 शब्दों में फ़ीचर लिखिए :

(*i*) हज़ारों के अन्ना : अन्ना हज़ारे

(*ii*) जापान में प्रकृति का प्रकोप

(*iii*) कान्हा तेरी जमुना मैली। 3

(*ग*) फिल्म 'गोलमाल-3' या 'पीपली लाइव' **अथवा** हाल ही में पढ़ी किसी पुस्तक की समीक्षा कीजिए। 3

5. (*क*) लेखक-पाठक सम्बंध पर विचार कीजिए।

अथवा

अच्छे सम्पादक के गुणों पर प्रकाश डालिए। 3

(*ख*) निम्नलिखित उद्धरण का आवश्यक चिन्हों सहित प्रूफ़-शोधन कीजिए :

आज अमिरों कि हवेलि

कीसानो कि होगि पठषाला। 2

*